e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0सं0– 03/भू0अ0नि0(5) (राजस्व महाअभियान) –विविध–66/2025 1161

प्रेषक,

कमलेश कुमार सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

समाहर्त्ता,
लखीसराय/अररिया

पटना, दिनांक :- 09/04/2026

विषय :– विशेष सर्वेक्षण अमीनों की प्रतिनियुक्ति रद्द करने के संबंध में।

प्रसंग :– प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक 513(3)/रा0 दिनांक 06.03.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि सरकार के सात निश्चय–03 के अन्तर्गत सातवें स्तंभ में Ease of Living के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से विशेष सर्वेक्षण अमीनों की प्रतिनियुक्ति भूमि मापी एवं राजस्व महाअभियान इत्यादि से संबंधित कार्यो के लिए दिनांक 31.03.2026 तक की गयी थी तथा निर्धारित अवधि तक उक्त कार्य को कराते हेतु दिनांक 01.04.2026 से सभी कर्मियों को उनके पदस्थापित कार्यालय को विरमित किये जाने का निर्णय विभागीय प्रासंगिक पत्र द्वारा संसूचित है।

संबंधित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों के साथ दिनांक 08.04.2026 को विडियों कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में उनसे प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 31.03.2026 के बाद भी विशेष सर्वेक्षण अमीनों से जिला स्तर पर कार्य लिया जा रहा है अथवा जिले के किसी अन्य कार्यो में उनकी प्रतिनियुक्ति की गयी है।

आप अवगत है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त का कार्य समयबद्ध कार्यक्रम के अर्न्तगत है तथा इसकी समीक्षा उच्च स्तर के साथ–साथ ''राजस्व प्रशासन आपके द्वारा'' कार्यक्रम अर्न्तगत माननीय उप मुख्यमंत्री–सह–मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा जिला स्तर पर भी की जा रही है। इसके अतिरिक्त विभागीय स्तर पर आयोजित बैठक में प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा माह **अप्रैल–2026** से विशेष सर्वेक्षण कार्यो को **मिशन मोड** में कराये जाने का निदेश दिया गया है।

अतः वर्णित परिपेक्ष्य में अनुरोध है कि आपके जिले के विशेष सर्वेक्षण अमीनों को किसी अन्य कार्य में प्रतिनियुक्त नहीं किया जाय। साथ ही यदि वर्तमान में सर्वेक्षण कर्मी किसी अंचल अथवा जिला के अन्य कार्य में प्रतिनियुक्त हो, तो बन्दोबस्त कार्यलय को शीघ्र वापस करने की कृपा की जाये।

विश्वासभाजन
9/4/26
(कमलेश कुमार सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(5) (राजस्व महाअभियान) –विविध–66/2025 1161 **पटना, दिनांक** 09/04/2026

प्रतिलिपि : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी बन्दोबस्त/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0)/राजस्व अधिकारी–सह–कानूनगो को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

9/4/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(5) (राजस्व महाअभियान) –विविध–66/2025 1161 **पटना, दिनांक** 09/04/2026

प्रतिलिपि : प्रमण्डल हेतु प्राधिकृत सभी नोडल पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

9/4/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Dharmveer\Y- 2026\Mayur ji\Director\66-2025 08-04-2026-1.doc

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(5) (राजस्व महाअभियान) –विविध–66/2025 1161 **...पटना, दिनांक** 09/04/2026

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

9/4/26

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/भू0अ0नि0(5) (राजस्व महाअभियान) –विविध–66/2025 1161 **...पटना, दिनांक** 09/04/2026

प्रतिलिपि : प्रोग्रामर, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

9/4/26

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप